दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 186 मुरादाबाद 03 November 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## PM मोदी ने दो टीके बनवा कर आपकी रक्षा की, अब आप BJP की करो

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। सूबे में 12 नवंबर को वोटिंग होनी है। सभी राजनीतिक दल के नेताओं की चहलकदमी राज्य में बढ़ गई है। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) और कांग्रेस दोनों को बागियों का खतरा सता रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल दौरे पर हैं। उन्होंने आज बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया। जेपी नड्डा ने जनसभा में कहा कि पीएम मोदी ने 9 महीने के अंदर देश में दो कोरोना के टीके बनवाए और आप सभी लोगों को डबल डोज के साथ बूस्टर डोज भी दिया। मोदी जी ने आप सब की रक्षा की। नड्डा ने कहा कि जिस पार्टी ने आपकी रक्षा की, उसकी रक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी है।

### कभी सोचा था हिमाचल को AIIMS मिलेगा?

नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि कभी सोचा गया था कि हिमाचल को एम्स मिलेगा? 24 करोड़ वाले UP को भी AIIMS मिला और 60 लाख वाले हिमाचल को भी AIIMS मिला। ये है डबल इंजन सरकार का फायदा। संबोधन के बाद नड्डा ने ट्वीट कर



कहा कि ऋषियों की पावन धरा हिमाचल सदैव विकास से वंचित रही, इसका सांस्कृतिक उत्थान व तेज विकास डबल इंजन की सरकार में संभव हो रहा है। आप सभी भाजपा को समर्थन दें व पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

### बिलासपुर के बागियों से डर रही भाजपा?

हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी बागियों से जूझती नजर आ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के ही गृह जिले बिलासपुर में हालात सामान्य नहीं है। खबर है कि उनकी कोशिशों के बाद भी कई बागी शांत होने के लिए तैयार नहीं हैं। खास बात यह है कि टिकट नहीं मिलने पर मैदान में उतरे नेताओं में नड्डा के कुछ वफादार भी शामिल हैं। बिलासपुर जिले में चार विधानसभा क्षेत्र हैं। फिलहाल, तीन भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में है। बीते चुनाव में भाजपा ने बिलासपुर सदर और झनदत्त ( एससी ) सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार दोनों सीटों पर पार्टी के बागी नेता चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के खाते में घुमारविन सीट भी आई थी। जबकि, कांग्रेस ने श्री नैना देवीजी सीट पर जीत दर्ज की थी। बता दें कि राज्य में 12 नवंबर को वोटिंग होनी है। उम्मीदवारों की ओर से नामांकन वापस लेने का समय खत्म हो चुका है। भाजपा को 68 सीटों वाले इस राज्य में 21 सीटों पर बागियों का खतरा नजर आ रहा है। 6 सीटों पर कांग्रेस के नेता भी बागी हो चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बागियों को मनाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं।

## हिंदुओं को मिलेगा अल्पसंख्या का दर्जा? केंद्र सरकार ने SC से मांगा समय, कहा- यह संवेदनशील मामला

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से उन राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांगों पर विचार-विमर्श पूरा करने के लिए समय मांगा है, जहां उनकी संख्या दूसरों से कम हो गई है। केंद्र ने कहा है कि यह मामला काफी संवेदनशील है और इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय और अन्य की याचिकाओं के जवाब में सोमवार को दायर अपने चौथे हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा कि उसे इस मुद्दे पर अब तक 14 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों से टिप्पणियां मिली हैं। याचिकाकर्ताओं ने परामर्श प्रक्रिया की कानूनी पवित्रता पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मामले में फैसले के बाद केंद्र किसी को भी अल्पसंख्यक के रूप में अधिसूचित नहीं कर सकता है। सोमवार के दायर हलफनामे में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ परामर्श बैठकें की हैं। इन बैठकों में गृह मंत्रालय, कानूनी मामलों के विभाग- कानून और न्याय मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग- शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान



आयोग के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। केंद्र ने कहा, 卐कुछ राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों ने इस मामले पर अपनी राय बनाने से पहले सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया है। राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया था कि तात्कालिकता को देखते हुए इस मामले में उन्हें तेजी से कार्य करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राज्य सरकार के विचारों को अंतिम रूप दिया गया है और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को जल्द से जल्द अवगत कराया गया है। केंद्र ने कहा, 卐14 राज्य सरकारें जैसे पंजाब, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, ओडिशा, उत्तराखंड, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, गोवा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और 3 केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव और चंडीगढ़ ने अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। केंद्र ने कहा, चूंकि मामला संवेदनशील है और इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों और हितधारकों को सक्षम करने के लिए और अधिक समय देने पर विचार करने की आवश्यकता है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को छह महीने का समय दिया है। उपाध्याय की याचिका में कहा गया है कि 2002 के टीएमए पई फैसले के बाद 23 अक्टूबर, 1993 की अधिसूचना के द्वारा केंद्र सरकार ने मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को अल्पसंख्यक के रूप में अधिसूचित किया था। 2014 में केंद्र सरकार ने जैनियों को इस सूची में जोड़ा था।

## शिवपाल यादव को भतीजे अखिलेश से बड़ी उम्मीद, बोले- सपा में जिम्मेदारी मिलने का इंतजार

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ( प्रसपा ) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव सैफई में मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बेहद करीब आते दिखाई दे रहे थे। अखिलेश का भी चाचा के प्रति झुकाव नजर आया था। अभी तक परिवार में शोक के चलते शिवपाल ने कोई राजनीतिक बयानबाजी तो इसे लेकर नहीं की थी लेकिन उन्हें अखिलेश से काफी उम्मीदें हैं। शिवपाल यादव को सपा में कोई जिम्मेदारी मिलने का इंतजार है। यह बात खुद शिवपाल ने अब कही है। संभल के एचोंडा कमबोह में आयोजित कल्कि महोत्सव में शामिल होने पहुंचे शिवपाल ने संवाददाताओं से बातचीत में इस सवाल पर कि उन्हें क्या बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, शिवपाल ने कहा, हमें जिम्मेदारी



मिलने का इंतजार है। इंतजार है, देखिए। उन्होंने कहा कि अभी नेता जी ( मुलायम सिंह यादव ) के जाने के बाद हम लोग शोक में हैं। इस महीने नेता जी का जन्मदिन ( 22 नवंबर ) भी आने वाला है, जो हम हर साल मनाते थे।卐 मुलायम के निधन के बाद शिवपाल अपने भतीजे अखिलेश यादव के काफी करीब नजर आए थे। इसके बाद माना जा रहा था कि दोनों गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव के स्टार प्रचारकों में शामिल होंगे, मगर ऐसा नहीं हुआ। शिवपाल ने उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के समाजवादी पार्टी को %समाप्त पार्टी% करार देने से जुड़े सवाल पर कहा, 卐हमारी पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी है। हम समाजवादी पार्टी से अभी तक अलग ही हैं। हम अपनी पार्टी को मजबूत करने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। हम नेता जी के आदर्शों पर चलकर अपनी पार्टी को मजबूत करेंगे। शिवपाल ने गुजरात के मोरबी में एक पुल गिरने की घटना पर कहा कि सरकार को इस मामले में बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और संबंधित विभाग के मंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए। नफरत भरे बयान देने के मामले में हाल ही में तीन साल कैद की सजा पाने वाले वरिष्ठ सपा नेता आजम खां से जुड़े एक सवाल पर शिवपाल ने कहा, 卐आजम खां बड़े नेता हैं। शिवपाल और अखिलेश के बीच सितंबर 2016 में सरकार और संगठन पर वर्चस्व की जंग शुरू हो गई थी। इसके बाद पार्टी दो खेमों में बंट गई थी। हालांकि, एक जनवरी 2017 को सपा के आपात अधिवेशन में अखिलेश को मुलायम के स्थान पर पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया था। एक बार फिर नाराज हो गए थे। कुछ समय बाद अखिलेश और उनकी राहें फिर जुदा हो गई थीं। शिवपाल ने राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार जसवंत सिन्हा के बजाय भाजपा प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था।राजनीतिक हलकों में ऐसी चर्चाएं भी हैं कि अखिलेश को झटका देने के लिए शिवपाल सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा सीट का उपचुनाव भाजपा की मदद से लड़ सकते हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

# अधिकारी के अनुसार, डीएपी की कमी नहीं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह ने बताया कि जनपद में प्राइवेट दुकानों पर डीएपी की कोई कमी नहीं है। प्राइवेट दुकानों पर 57 सौ मीट्रिक टन से अधिक डीएपी उपलब्ध है। किसान प्राइवेट खाद लेकर फसल बुबाई का कार्य शुरु कर सकते है। उन्होंने बताया कि अगर कोई खाद विक्रेता डीएपी की कालाबाजारी करता है तो उसकी सूचना सूचना किसान कृषि विभाग के अधिकारियों से कर सकते है। किसान की शिकायत पर पुष्टि होने पर संबंधित दोषी खाद विक्रेता का लाइसेंस निलंबित या फिर निरस्त किया जाएगा। रवी फसलों के उत्पादन के लिए शासन से कुल 12827 मीट्रिक टन डीएपी वितरण कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। एटा जनपद की सभी सहकारी समितियों पर डीएपी खत्म हो चुकी है। फर्टिलाइजर की दुकानों पर प्राइवेट कंपनियों की खाद मिल रही है। इस पर किसान भरोसा न करते हुए बेहद कम डीएपी ले रहे है। जबकि संबंधित विभागों के अधिकारी जनपद में भरपूर डीएपी उपलब्ध होने का दावा कर रहे हैं। देहात क्षेत्रों की सहकारी समितियों पर 21 अक्तूबर को अंतिम बार खाद वितरण किया गया था। उसके बाद से अब तक खाद वितरण स्टॉक खत्म होने से बंद चल रहा है। जबकि गल्ला मंडी स्थित इफको की दोनों सहकारी समितियों पर बीते दिन सोमवार से डीएपी का स्टॉक खत्म हो जाने से इन दोनों प्रमुख केंद्रों पर भी डीएपी वितरण बंद हो चुका है। ऐसे में किसानों को डीएपी के लिए बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान खाद केंद्रों पर आकर लौट रहे हैं। मंगलवार को गल्ला मंडी के इफको किसान सेवा केंद्र एवं साधन सहकारी खाद भंडार पर सुबह से दोपहर तक दूर दराज क्षेत्रों के किसानों का आवागमन बना रहा, लेकिन केंद्रों पर खाद वितरण न होने से किसान आकर वापस लौटते रहे। प्राइवेट कंपनियों की खाद पर भरोसा नहीं कर रहे किसान जिले के 90 फीसदी किसान प्राइवेट कंपनियों की खाद लेने से परहेज कर रहे हैं। किसान केवल इफको एवं कृभको कंपनी की खाद ही लेना पसंद कर रहे है। किसानों का यह भी कहना है कि प्राइवेट कंपनियों की डीएपी से फसल उत्पादन में परिणाम भी अच्छे देखने को नहीं मिलते। इसके साथ ही खाद भी महंगी मिल रही है। लक्ष्य से अधिक बंट गई खाद अक्तूबर माह में 1481 एमटी खाद बिक्री का लक्ष्य था। इसके सापेक्ष 3811 एमटी खाद बांट दी गई। अभी नवंबर माह का लक्ष्य 7376 एमटी तय हुआ है। इसके लिए शासन को डिमांड भेजी गई है। संभावना है कि चार नवंबर को रैक मिलेगी।



## डीएपी के लिए किसान ना करें चिंता, उपलब्ध है खाद डीएम

एटा, कृषकों को उर्वरक डीएपी खरीदने में कोई समस्या नहीं आएगी। डीएम ने कृषकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने 20 टन से अधिक उपलब्धता वाले उर्वरक डीएपी क्रय केन्द्रों की सूची जारी की है। सहकारिता वफर में 316 एमटी एवं निजी थोक विक्रेताओं पर 973 एमटी कुल 1284 एमटी डीएपी उपलब्ध है। नवम्बर माह के लक्ष्य के अनुसार लगभग 11600 एमटी डीएपी और आने वाली है। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि 20 टन से अधिक उर्वरक उपलब्धता वाले 05 थोक विक्रेता एवं 36 फुटकर विक्रेता चिन्हित किए गए हैं। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक क्रय कर सकते है। लगातार उर्वरक की रैक आ रही हैं। डीएपी उर्वरक का विक्रय मूल्य 1350 रूपये प्रति बोरी निर्धारित है। निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य में बिक्री करते हुए यदि किसी क्रय केन्द्र से शिकायत मिली तो जांचोपरान्त संबंधित थोक एवं फुटकर विक्रेता के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएम ने किसानों से अपील की कि यदि किसानों को निर्धारित केन्द्र पर उर्वरक डीएपी0 क्रय करने में कोई समस्या है तो वह जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9918120606, डीडी कृषि रोताश कुमार मोबाइल नम्बर 8368650029 अथवा संबंधित तहसील के एसडीएम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## डीएपी नहीं मिली, मोबाइल पर आया मैसेज

निधौली कलां। क्षेत्रीय सहकारी समितियों के किसान चक्कर काट रहे हैं। चार दिनों के बाद भी ब्लॉक की चार सहकारी समितियों को 500-500 डीएपी बोरी खाद मिली। उसके बाद भी किसान खाद लेने के लिए इधर-उधर भटक रहे है। समितियों से मनमाने ढंग से खाद का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को डीएपी, यूरिया लेने पहुंचे किसान पुष्पेंद्र सिंह, राम सिंह, महेंद्र सिंह, पुष्पा देवी, रामादेवी, लता देवी ने बताया आधार कार्ड, खेती की फर्द जमा और अंगूठा लगाने के बाद भी मोबाइलों पर डीएपी की सुकृति का मैसेज भी आ चुका है। डीएपी किसानों के हाथ नहीं लग सकी है। 28 अक्तूबर से क्षेत्रीय सहकारी समिति के बाहर सैकड़ों किसान सुबह 7 से 2 बजे तक बैठकर इंतजार कर रहे है।

# एक टूटे हुए परिवार का समझौता कराया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज दिनांक 01.11.2022 को एक टूटे हुए परिवार का समझौता कराया गया।

वादी- विनीता पुत्री श्री कृष्ण निवासी ग्राम रसीदपुर थाना जैथरा जिला एटा प्रतिवादी = रामबाबू पुत्र ओएप्रकाश कश्यप निवासी गढ़ी थाना ढोलना जिला कासगंज जिसको लेकर परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी । दोनों को काफी अथक प्रयास कर फिर से मिलाया गया। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र ब्रह्मवती, काउंसलर गीता शर्मा, महिला कांस्टेबल गौरी ,पूजा मौजूद रहे।

# एटा कोतवाली नगर पुलिस ने किया सराहनीय कार्य



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा कोतवाली नगर पुलिस ने किया सराहनीय कार्यआज गांधी मार्केट में मंगल बाजार के दौरान एक ढाई साल की बच्ची हुई थी लापता, एटा पुलिस ने चंद घंटों में रोती हुई अवस्था में मासूम बच्ची को किया बरामद,

मासूम बच्ची अपने माँ बाप और अपना नाम पता बताने में अबोध होने के चलते थी असमर्थ, सीओ सिटी राजकुमार सिंह ने बरामद बच्ची को उसके परिवार से मिलाने हेतु सीओ ने अपनी गाड़ी में लगे लाउड ट्रेलर से पूरी मार्केट में कराया था अनाउंसमेन्ट, सीओ सिटी राजकुमार सिंह के प्रयाश से 1 घंटे को कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची की माँ ममता पत्नी धर्मेंद निवासी काशीराम कॉलोनी के लोग पहुँचे कोतवाली नगर, सीओ सिटी और थाना कोतवाली नगर पुलिस ने बरामद बच्ची को सौंपा उनके परिजनों को, बच्ची की मां और परिजनों ने एटा की कोतवाली नगर पुलिस और सीओ सिटी को दिया कोटि कोटि धन्यवाद, थाना कोतवाली नगर के मंगल बाजार का मामला।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस 05 नवम्बर को, डीएम एटा सदर तहसील में करेंगे जनसुनवाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनता की समस्याओं, शिकायतों को शासन की मंशानुसार एक ही स्थान पर त्वरित गति से निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में 05 नवम्बर शनिवार को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल तहसील एटा सदर में, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी तहसील अलीगंज में, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार जलेसर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील एटा सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में स्वयं प्रतिभाग करेंगे।

# मेडिकल कालेज की एमसीएच विंग में गर्भवती महिलाओं को अपंजीकृतों के यहां पहुंचाने वाले एजेंट आशा बनकर आते



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मेडिकल कालेज की एमसीएच विंग में गर्भवती महिलाओं को अपंजीकृतों के यहां पहुंचाने वाले एजेंट आशा बनकर आते हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रसव केंद्रों तक गर्भवती को लाने का कार्य आशाओं के माध्यम से कराया जाता है। क्षेत्रवार कार्य कर रही आशा अपने-अपने क्षेत्र की गर्भवती का सुरक्षित प्रसव कराने का कार्य करती है। इसके एवज में स्वास्थ्य विभाग निर्धारित धनराशि देता है। मेडिकल कालेज की एमसीएच विंग से शहर में संचालित हो रहे अपंजीकृत प्रसव केंद्रों पर गर्भवतियों को भेजा जा रहा है। उसके लिए प्रसव केंद्रों के सक्रिय एजेंट गांवों से आने वाली गर्भवती महिला को टारगेट बना रहे हैं। इनको सामान्य प्रसव कराने के बहाने अपंजीकृतों के यहां पहुंचाकर मोटा कमीशन पा रहे हैं। मेडिकल कालेज की एमसीएच विंग में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर प्रसव कराया जाता है। आई महिलाओं से बोली हमारे साथ लेकर चलो, हम बिना ऑपरेशन के प्रसव करा देंगे। उसने प्रसव कराने वाली एक महिला का नाम बताया। कुछ समय तक बातें हुईं। उसके बाद महिलाएं प्रसूता को ई-रिक्शा में बैठाकर ले गई। वह महिला अपने आप को आशा बता रही थी। मरीज ले जाने के एवज में अपंजीकृत प्रसव *केंद्र संचालक उनको दो से तीन हजार रुपये कमीशन देते हैं।

# सभी पी0एच0सी0 पर बेहतर चिकित्सीय सुविधायें सुनिश्चित की जाये-डीएम



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में शहरी टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में सिटी टास्कफोर्स /अर्बन टास्कफोर्स की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण, स्पेशल टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वी0सी0जी0 कवरेज आदि की समीक्षा में अर्बन क्षेत्र में कम प्रगति पाये जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए विशेष अभियान चलाकर शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अर्बन के जिन क्षेत्रों में वैक्सीनेशन आदि में समस्या आ रही है, वहां सभी मिलकर समस्या के निराकरण का प्रयास करेंगे। अर्बन में जनसंख्या को टारगेट करना आसान है पूरा जनपद कई इंडीगेटर में पीछे है। अतः आशा के साथ वार्ता जारी रखते हुए प्रगति बढ़ायी जाये। जिलाधिकारी ने विशेष जोर देकर कहा कि अर्बन क्षेत्र की पी0एच0सी0 पर हर वर्किंगडे में वैक्सीनेशन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सहयोगी संस्थाएं एवं क्षेत्र के आंकड़े लेकर आये ताकि चर्चा करने एवं सुधार लाने में आसानी रहें। सभी शहरी पीएचसी पर बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने कहा कि फील्ड में नियमित विजिट करते रहें और डेंगू पर विशेष नजर रखें। आशाओं की नियुक्ति जल्द की जाये ताकि कार्य प्रगति में सुधार लाया जा सके। कुछ क्षेत्रों में विरोध की समस्या है तो वहां पर चैपाल लगाकर समस्या का निराकरण किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0एम0सी0 गर्ग ने कहा कि डेंगू के जनपद में 107 केस चिन्हित हुए हैं। विशेष ध्यान देते हुए पीएचसी पर उनका बेहतर उपचार किया जाये। बुखार को गम्भीरता से लें तथा बुखार मरीज की बात भी ध्यान पूर्वक सुने। बिना जांच कराएं मरीज को वापस न भेजे। नियमित टीकाकरण में टीकाकरण में जनपद मुरादाबाद प्रदेश स्तर से कम होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। ब्लाक स्तर पर भी पिछले साल की तुलना में इस समय कम प्रगति पायी गयी। अर्बन सेसन मॉनीटरिंग में किसरोल, वारसीनगर, चिड़िया टोला, बरवालान, मियां कालोनी, काशीरामनगर की स्थिति खराब होने पर एमओआईसी को सुधार लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अर्बन में अपडेटेट ड्यू लिस्ट की प्रगति 57 प्रतिशत होने पर सुपरवाईजरी विजिट में 64 प्रतिशत प्रगति होने पर कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण मॉनीटरिंग में शिवनगर में 10 प्रतिशत, करुला में 15 प्रतिशत तथा मियां कालोनी में 24 प्रतिशत बच्चों के कोई भी टीका न लगने पर जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर टीकाकरण का कार्य पूर्ण करने तथा तत्काल आशाओं की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव बेलवाल, सीएमएस, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त एम0ओ0आई0सी0, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, डीपीएम, बीपीएम सहित नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं पंचायतीराज, शिक्षा आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# राणा शुगर मिल काशीपुर रोड बेलवाडा में 17 नवम्बर को मध्यान्ह 12 बजे से आयोजित होगी माकड्रिल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद -जनपद मुरादाबाद में स्थापित अतिखतरनाक प्रकृति के कारखानों में वृहद औद्योगिक दुर्घटनाओं की आंशका के दृष्टिगत पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अधीन रासायनिक दुर्घटना नियमावली 1996 के अर्न्तगत गठित जिला स्थित संकट समूह की बैठक डीएम कैम्प कार्यालय पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी 17 नवम्बर को मध्यान्ह 12 बजे से काशीपुर रोड बेलवाडा स्थित राणा शुगर मिल में माकड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला क्राईसिस ग्रुप व आफसाइट इमरजेन्सी प्लान का रिहर्सल तथा संबंधित अधिनियम व नियमावली पर चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने अति खतरनाक प्रकृति के कारखानों में वृहद औद्योगिक दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। बैठक में कारखाना प्रतिनिधियों द्वारा कारखाने में विद्यमान रासायनों का प्रयोग एवं भण्डारण व खतरों से होने वाली क्षति व खतरों की परिधि में आने वाले क्षेत्र की जानकारी उपलब्ध करायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने आफसाइट इमरजेन्सी प्लान के रिहर्सल हेतु घटना की परिकल्पना करके रिहर्सल समय-समय पर कराते रहकर सुरक्षात्मक उपाये करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला स्थित सकंट समूह की बैठक में आफसाइट इमरजेन्सी प्लान के पूर्वभ्यास करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सहायक निदेशक कारखाना सुरेन्द्र बहादुर ने अग्निशमन विभाग में उपलब्ध संसाधनों एवं भूमिका के सम्बन्ध में चर्चा के दौरान अग्निशमन की व्यवस्था को सुचारु रुप से प्रभावी बनाये जाने एवं अग्निशमन वाहनों एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने पर बल दियों लगे हुए व्यक्तियों को आने जाने हेतु प्राथमिकता देने की प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार टैऊफिक डायवर्जन करने तथा आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो इसकी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एक मेडिकल आफिसर को नोडल अधिकारी के रुप में नियुक्त किए जाने तथा चिकित्साधिकारियों के दल व उनके गठन एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था आवश्यकतानुसार सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा विस्थापितो हेतु बस की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा राहत कार्यो की देखरेख हेतु कर्मचारी की व्यवस्था किए जाने एवं राहत शिविर स्थापित किए जाने की योजना बनाने के निर्देश दिये गये। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते हुए वायुमण्डल पर पड़ने वाले प्रभावों का आंकलन करने तथा कृषि विभाग को क्षेत्र की मिट्टी व फसलों में हुए नुकसान का आकलन किए जाने हेतु आपातकालीन योजना बनाये जाने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में ए0डी0एम0 वित्त युगराज सिंह, सहित मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कृषि, परिवहन, नगर निगम, जलनिगम, प्रदूषण बोर्ड, नागरिक सुरक्षा आदि विभागों के अधिकारियों एवं कारखाना प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विजेताओं को सम्मान संग क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का समापन





मुरादाबाद। पारकर इंटर कॉलेज में जारी 73 वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का समापन बुधवार को हुआ। मुख्य-अतिथि, सीडीओ, सुमित यादव पारकर इंटर कॉलेज में जारी 73 वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का समापन बुधवार को हुआ। मुख्य-अतिथि, सीडीओ, सुमित यादव व विशिष्ट-अतिथि, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज, श्यामा कुमार रहे। अध्यक्षता, जिविनि, डॉ अरुण कुमार दुबे ने की। बालक वर्ग संयोजक मेजर एसके नेथन व बालिका वर्ग संयोजिका सुनीता डी सिंह की मौजूदगी रही। मुख्य-अतिथि ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों में छोटे लाल, सुदेश कुमारी, डॉ श्वेता पूठिया, शशि आर्य, मधुबाला त्यागी, उदयराज सिंह आदि की उपस्थित रही। डॉ सुनीत गिरि, विमलेंद्र शर्मा, मेजर डॉ देवेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के समापन में विभिन्न दौड़, क्रॉस कंट्री आदि की विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। डेविड वाल्टर, मनोज प्रभाकर, निशित बिजॉय दास, अनुरिता टौड, अंजलिका माइकल, पारुल गुप्ता आदि का सहयोग रहा। ये बने चैंपियन- सब जूनियर व जूनियर बालिका वर्ग में रामचंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज, सीनियर वर्ग में मेथाडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज जबकि सब जूनियर बालक वर्ग में मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना व जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज ने बाजी मारी। बालक वर्ग में ओवर ऑल चैंपियनशिप, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज जबकि बालिका वर्ग में रामचंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज ने हासिल की।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Punishment and lessons

The sentence given by a special court in Bengaluru to engineering student Faiz Rashid to five years' imprisonment along with a fine of Rs 25,000, rejoicing over the martyrdom of 40 jawans in the Pulwama blast, is significant. This decision will surely set an example in stopping any such mischief. Significantly, in a terrorist attack in February 2019, a convoy of buses of CRPF personnel was targeted and on the same day Faiz expressed his happiness by posting a post on social media. He was immediately arrested and since then he is behind bars. Clearly, he will still have to spend the next several months of remorse in prison and will hopefully prove to be a better citizen when he comes out after completing his sentence.

In these times of unbridled social media and deepening communal polarization, our teenagers and youth often violate the Lakshman-rekha and thus end up in legal trouble for themselves, sowing more bitterness in the society. Faiz's crime is not only inhuman, it also smells of treason from the nation. In such a situation, it could not even claim freedom of expression? Then, we have been a society living the tradition of giving a dignified final farewell to the enemy, then they were the brave heroes of the country. How can a young citizen even think of insulting them? In today's technological age, it's not easy to refute mistakes. Recently, people had even forced the accused to apologize by bringing out several years old tweets. The lesson of this decision is that while making any comment on social media, always take care of Lakshman Rekha.

There is no doubt that various platforms of social media have given immense opportunities for free expression as individuals, but unwise people misused it. A hallmark of how anti-social elements are misusing these platforms, other than the heinous crimes of terrorists and fraudsters, is the several actions taken by META this August against 300 Indian accounts. According to the company, these people were mentally harassing women, actors-actresses, social workers and religions by making indecent, inflammatory and derogatory remarks against them.

All these accounts had to be canceled. The question is, how to stop the sowing of hatred in the minds of youths like Faiz under the guise of religion? This hatred is not limited to any one religion or caste. Hatred is spreading its roots all-round and the big challenge for India as a country is how to instil the spirit of the country and humanity first among its breeds? In such a situation, the responsibility of the people sitting on the high pedestal of religion becomes much greater to identify and discourage such elements among them, so that they do not spread poison in the society.

The ingenuity of youths like Faiz puts our entire education system, family system in the dock. If we are not able to give so much courage to our children that only salute is given to the martyrs, then their future will be dark behind the bars!

# On 56th day of 'Bharat Jodo Yatra', Rahul Gandhi got Pooja Bhatt's support

Bollywood actress Pooja Bhatt lives a little away from the cinematic world, but is often in news for one reason or the other. In such a situation, now Puja has become associated with India Jodo Yatra. Pooja Bhatt, on Wednesday, joined the Bharat Jodo Yatra in Hyderabad, where she along with Rahul Gandhi walked for about one and a half km. Pooja is the first Bollywood celebrity to take part in the yatra, she



was also seen chatting while walking with Rahul during the yatra. Please tell that Pooja Bhatt often talks about the issues related to the country and abroad. In such a situation, she now joined the India Jodo Yatra with Rahul, where the people present on the journey were very happy to see her walking at a high speed with Rahul. The Bharat Jodi Yatra resumed on Wednesday from MGB Bajaj Showroom on Balanagar Main Road in Hyderabad City. This is the 56th day of this journey led by Rahul Gandhi. Recall that 'Bharat Jodo Yatra' started from Kanyakumari in Tamil Nadu on September 7. The journey passed through Tamil Nadu, Kerala, Karnataka and Andhra Pradesh before entering Telangana last week. At the same time, today is the eighth day of the Bharat Jodi Yatra in Telangana. The Telangana unit of Congress has formed 10 special committees to coordinate the yatra.

# Seeing Priyanka Chopra in Mumbai after 3 years, people said, it seems that someone has come from the city to the village.

Priyanka Chopra has come to India. When she reached the first event after her arrival, the photographers surrounded her. Priyanka looked very stylish. Her pictures are viral on social media and her fans are commenting on her hair to nails. Some people are praising the desi girl's swag. At the same time, some feel that Priyanka has started looking foreign now. The same few people have also commented on his daughter. Pictures of PC covered - Priyanka Chopra has come to her country after 3 years. The joy of coming home is visible in their social media posts. She has shared many pictures as soon as she reaches Mumbai. Now when Priyanka reached an event related to her haircare brand, pictures and videos were covered on social media. People liked Hollywood diva - Priyanka wore front cut white crop top and trousers. His long nails and hair caught everyone's attention. A user has commented on the video posted on Pap Viral Bhaiyani's Insta, these nails are scary. Another has written that it does not look Indian now. There is a comment, now I find this Hollywood diva. Some people have also made funny comments. Attention paid to daughter - There is a user's comment, it seems as if a village comes from the city. Some people have also commented on Priyanka's hair. It is written, fake hair for hair brand, while there is another comment that PC should change his hairstylist. The Diwali look has been repeated. Ever since Priyanka has come, the glimpse of her daughter has not come in the media. Some people have also questioned the daughter.



# सीताद्वार मेला को व्यवस्थित ढंग से कराये सम्पन्न जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- कार्तिक पूर्णिमा के दिन मन्दिर पर भव्य मेले का आयोजन होगा,जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने सीताद्वार मन्दिर पर मेले के सम्बन्ध में चल रही,तैयारी का जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त करने का सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया।तीन दिवसीय सीताद्वार का मुख्य मेला कार्तिक पूर्णिमा आगामी 08 नवम्बर से 10 नवम्बर,2022 तक चलेगा मेले को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है,जो अपने तैनाती स्थल पर तैनात रहकर मेले को सकुशल ढंग से सम्पन्न करायेंगे।सीताद्वार मन्दिर परिसर में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करने के दौरान



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया,कि मन्दिर परिक्षेत्र के अन्तर्गत मेला के प्रारम्भ होने से मेला की समाप्ति तक का सड़ी गली मिठाईंया या खुले खाद्य पदार्थ की बिक्री किसी भी दशा न होने पावे,इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव,उपजिलाधिकारी इकौना रोहित,उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी,मेला व्यवस्था में लगे सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं मेला कमेटी के सदस्यगण तथा संभ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे।

# जिले के दिव्यांग तैराकों ने जीता 18 गोल्ड मैडल



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- राज्य स्तरीय पैरा स्विमिंग चयन ट्रायल प्रतियोगिता जिला खेल परिसर बिलासपुर तरणताल में प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के दिव्यांग तैराकों ने अपने सभी इवेंट में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अपना चयन सुनिश्चित किया जिसमें जंत राम पनिका ने 50 मी.फ्रीस्टाइल में स्वर्णपदक, 50 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्णपदक,50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण पदक, सोमेश्वर धुर्वे ने 50 मी. बटर स्टाइल में स्वर्ण पदक,200 मीटर आई एम मिडले में स्वर्ण पदक, 400 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक, रोहित पुशाम ने 50 मी.फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक, 50 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्णपदक ,50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक, अंजना ने 50 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्णपदक, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्णपदक,50 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्णपदक, मोहनी मरावी 400 मी.फ्रीस्टाइल में स्वर्णपदक,50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्णपदक, 50 मीटरबैक स्ट्रोक में स्वर्णपदक,मालती राठौर ने 50 मी. बटर स्टाइल में स्वर्णपदक, 50 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्णपदक, 100 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक ,सभी ने अपने-अपने वर्ग में कुल 18 स्वर्ण पदक पर कब्जा करते हुए जिले का नाम रोशन किया,अपना चयन सुनिश्चित किया। उक्त जानकारी देते हुए दिनेश सिंह दाऊ इस जिले के पैरा स्पोर्ट्स के सचिव ने बताया कि चयनित खिलाड़ी दिनांक 11 नवंबर से 13 नवंबर 2022 तक राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग प्रतियोगिता गोवाहाटी (असम) में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत माह नवंबर एवं दिसंबर में नियमित मासिक खाद्यान्न एवं अतिरिक्त आबंटन के खाद्यान्न का होगा नि:शुल्क वितरण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी अन्त्योदय, प्राथमिकता, नि:शक्तजन, एकल निराश्रित राशनकार्डों पर नियमित मासिक खाद्यान्न माह अक्टूबर 2022 में निर्धारित उपभोक्ता दर पर तथा माह नवम्बर 2022 से दिसम्बर 2022 में नियमित मासिक खाद्यान्न एवं अतिरिक्त आबंटन का खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण किया जाए। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को पत्र जारी कर राज्य शासन के निर्णय का पालन सुनिश्चित करने कहा है। जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया है कि माह नवम्बर 2022 से दिसम्बर 2022 तक राज्य में प्रचलित अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं नि:शक्तजन राशनकार्डों (सामान्य एपीएल राशनकार्डों को छोड़कर) में नियमित मासिक आवंटन का चावल एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अतिरिक्त चावल आवंटन का वितरण नि:शुल्क किया जाए। माह नवम्बर हेतु चावल का नियमित मासिक आबंटन तथा माह अक्टूबर एवं माह नवम्बर हेतु चावल का अतिरिक्त आबंटन जारी कर दिया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा सीधे उचित मूल्य दुकानों में भण्डारण सुनिश्चित कराया जाए। माह नवम्बर में खाद्यान्न से सामान्य आवंटन के साथ ही माह अक्टूबर एवं माह नवम्बर के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अतिरिक्त चावल का आवंटन तथा राज्य योजना के अतिरिक्त चावल का आवंटन का नि:शुल्क वितरण राशनकार्डधारियों को माह नवम्बर में किया जाए। सामान्य राशनकार्डों में खाद्यान्न का वितरण वर्तमान में प्रचलित मासिक पात्रता एवं उपभोक्ता दर अनुसार किया जाए। जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया है कि राशनकार्ड धारियों को नवंबर एवं दिसंबर माह में चावल की पात्रता से अवगत कराने के लिए राज्य शासन द्वारा खाद्यान वितरण की पात्रता की जानकारी के लिए सभी उचित मूल्य दुकानों में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। उचित मूल्य दुकानों में आवंटन अनुसार खाद्यान्न का भण्डारण समय-सीमा में पूर्ण कराकर प्रतिमाह हितग्राहियों को वितरण सुनिश्चित करें। आबंटित खाद्यान्न के व्यपवर्तन आबंटित एवं दुरूपयोग रोकने हेतु राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की संयुक्त मॉनिटरिंग समिति गठित कर खाद्यान्न वितरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाए।

## सचिवों की हड़ताल से कॉपरेटिव पर लटकता रहा ताला, नही शुरू हो सकी धान खरीद

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिले के विकास खंड जमुनहा के इमलिया करनपुर में स्थित साधन सहकारी समिति के सचिव के हड़ताल से वापस न आने पर मंगलवार को धान खरीद की शुरुआत नहीं हो सकी। जिससे धान बेचने केंद्र पर पहुंचे किसानों को मायूस होकर वापस घर लौटना पड़ा।एक नवंबर से धान की खरीदारी शुरू होनी थी लेकिन कॉपरेटिव साधन सहकारी समिति के सचिव हड़ताल पर चल रहे हैं। वहीं, खरीद के लिए नामित संस्था पीसीएफ भी समितियों में अपने केंद्र निर्धारित कर रहे हैं लेकिन सचिव द्वारा किए गए कार्य बहिष्कार से केंद्रों पर ताला ही बंद चल रहा है। मंगलवार को गौसपुर, लक्ष्मनपुर सेमरहिया मल्हीपुर , सहित अन्य साधन सहकारी समिति में ताला बंद रहा। जिससे धान की खरीद नहीं हो पाई। क्रय केंद्रों पर धान लेकर पहुंचे किसानों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। जिससे किसानों को थकहार कर अपनी उपज प्राइवेट हाथों में कम दामो में बेचना पड़ रहा है हालांकि सम्बंधित अधिकारी धान क्रय केंद्र को एक नवम्बर से ही शुरू होने की बात कह रहे थे।

## योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने आधार डाक्यूमेंट अपडेट कराने की अपील

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ( यूआईडीएआई ) ने पिछले 10 वर्षों के दौरान अपडेट नहीं हुए आधार डॉक्यूमेंट ( आधार कार्ड ) को अपडेट कराने अपील जारी की है। आधार नंबर व्यक्ति की पहचान के प्रमाण के रूप में जारी पहचान पत्र है आधार नंबर का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के भी किया जा रहा है। इन योजना एवं सेवाओं का लाभ निरंतर जारी रखने आधार डॉक्युमेंट के डाटा को अपडेट रखना चाहिए। जिससे आधार प्रमाणीकरण एवं सत्यापन में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसे देखते हुए यूआईडीएआई ने ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 10 वर्ष पूर्व आधार डाक्यूमेंट बनवाया था। लेकिन इसके बाद कभी अपडेट नहीं कराया है। ऐसे लोगों से स्वयं का आधार अपडेट कराने का आग्रह किया जा रहा है। आधार डॉक्यूमेंट अपडेट की सुविधा निर्धारित शुल्क के साथ प्रदान की जा रही है। नागरिक आधार पोर्टल




पर ऑनलाइन तरीके से स्वयं एवं आधार सुविधा केंद्र में पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आधार अपडेट करा सकते हैं। आधार डाक्यूमेंट अपडेट रहने से एक राष्ट्र एक राशन कार्ड कार्यक्रम के तहत देश में कहीं भी राशन प्राप्त करने की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। एक हजार से अधिक सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए आधार कार्ड का उपयोग हो रहा है। वहीं बैंक में खाता खोलने, मोबाईल फोन का सिम लेने, आईटी रिटर्न भरने, ई वेरिफिकेशन, ऋण आवेदन, छात्रवृत्ति सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने के साथ ही लापता व्यक्ति की खोज में भी आधार नंबर के जरिए मदद मिलती है।

# राज मंत्री साकेत मिश्रा ने बाढ पीड़ितों को वितरण किया किट

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत राप्ती नदी में जलस्तर बढ़ने से व बाढ़ पीड़ित गांव वीरपुर लौकिहा में राज्यमंत्री पूर्वांचल विकास मंत्री साकेत मिश्रा ने गांव में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों का हालचाल लिया और उनके द्वारा ग्रामीण में महिलाओं को बाल्टी किट का वितरण किया और ग्रामीणों ने मंत्री साकेत मिश्रा से आग्रह किया कि राप्ती नदी में राप्ती बैराज से लेकर दुर्गापुर तक बांध का निर्माण करा दिया जाए तो गांव में आने वाला पानी व कटान बंद हो जाएगा साकेत मिश्रा ने मधवापुर घाट का भी निरीक्षण किया जो मल्हीपुर चौराहे से भिंगा मुख्यालय तक सीधी रोड जाती है और राप्ती नदी के किनारे बनी टू लाइन रोड राप्ती नदी में अधिक जल बहाव होने के कारण कई जगह कट गई बह गई है बड़े वाहन का आना जाना संभव नहीं



है यदि यितो पुल की निर्माण किया जाए व रोड के दोनों तरफ पत्थर लगा दिया जाए जिससे रोड कटने की संका न रहे इस संबंध में राज मंत्री साकेत मिश्रा ने कहा कि इसकी शिकायत सूचना तत्काल प्रभाव से शासन को दिया जाएगा जिससे सड़क की मरम्मत वह पुल निर्माण वह पत्थर लगाने का कार्य कराया जा सके बाढ़ से ग्रस्त गांव रामनगरा का भी हालचाल लिया और वहा किट वितरण किया गया और बताया कि राप्ती नदी में ठोकर बनाया जायेगा य पुल का निर्माण कराया जाएगा जिसकी सूचना तत्काल प्रभाव से शासन को भेज दिया जाएगा। और हमारा काम जनता सेवा का है और हम वक्त हर वक्त जनता की सेवा कर रहे हैं हम बाढ़ पीड़ितों व ग्रामीणों के आभारी हैं और हम आप लोगों की बात शासन तक पहुंचाएंगे जिससे शासन संज्ञान में लेकर जनता के हित में कार्य करें ।

# जारी है पुलिस की सायंकालीन पैदल गस्त, क्षेत्र में बना है शांति व्यवस्था



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बबुरी- जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को देखते हुए बबुरी थाना प्रभारी अतुल कुमार द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया जा रहा सायंकालीन पैदल गस्त जारी है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं व वाहनों की चेकिंग करने का सिलसिला जारी है। जनपद में कानून व शांति व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार के द्वारा पैदल गस्त किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ रास्ते में आमजन व व्यापारियों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया जा रहा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे। सभी से किसी भी प्रकार की अफवाहों, झूठी खबरों पर विश्वास न करने व ऐसी किसी सूचना व जानकारी को तत्काल पुलिस से साझा करने हेतु किया प्रेरित किया जा रहा है।

# थाना लोहता की एन्टी रोमियो/महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं पर अश्लील व छीटाकशी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आज थाना लोहता की एन्टी रोमियो/महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा सोहदो/मनचलो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान धन्नीपुर के पास से आने जाने वाली महिलाओं से अश्लील व छींटाकशी करने वाले अभियुक्त अनवर खान पुत्र अलाउद्दीन खान, निवासी छितौनी पकवा, थाना लोहता, जनपद वाराणसी ग्रामीण उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की

# जैसे धनीपुर की बिजली व्यवस्था ठीक होती है उसी तरह से नगर निगम के चुनाव के बाद पानी की निकासी की समस्या 24 घंटे के अंदर दूर होगी - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ - भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि धनीपुर वार्ड नंबर 36 में जैसी बिजली की समस्या दूर होती है उसी तरह नगर निगम के चुनाव के बाद धनीपुर के 24 घंटे के अंदर पानी की निकासी की समस्याएं तुरंत खत्म होंगी उन्होंने कहा है कि धनीपुर की बिजली व्यवस्था पर उन्होंने स्वता ही बहुत ध्यान दिया है अगर बिजली व्यवस्था खराब होती है वह दो-तीन घंटे के अंदर तुरंत ही ठीक होती है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि बिजली की समस्या से संबंधित जो भी समस्याएं हैं वह पूरी होती है ट्रांसफार्मर खराब होता है 8 घंटे के अंदर बदल जाता है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां के बिजली व्यवस्था का पूरा प्रयास किया जाता है कि धनीपुर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ठीक बनी रहे उन्होंने कहा है तो वह पूरी तरह से प्रयासरत रहते हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह साफ कहा है कि नगर निगम के चुनाव के बाद 24 घंटे के अंदर धनीपुर के पानी की निकासी की समस्याएं तुरंत दूर अति शीघ्र दूर दूर होगी इन समस्याओं से अलग भी बहुत बहुत समस्याएं जिन पर उन्होंने कहा कि उनका हमेशा फोकस रहा है धनीपुर



क्षेत्र की जनता बताएगी बिजली की व्यवस्था ट्रांसफार्मर की व्यवस्था बिजली से संबंधित और व्यवस्था कितनी देर में ठीक हो जाती है कितने समय में ठीक हो जाती हैं धनीपुर की जनता खुद जानती है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि नगर निगम के चुनाव के बाद 24 घंटे के अंदर धनीपुर की पानी की निकासी की समस्या दूर होगी चाहे वह किसी भी तरह से हो भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि उन्होंने हमेशा धनीपुर क्षेत्र की जनता की सेवा की है सबसे बड़ी सेवा धनीपुर की बिजली की की है जो आज तक किसी अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस समस्या की तरफ का भी ध्यान नहीं दिया उन्होंने कहा है कि धनीपुर क्षेत्र की बिजली की समस्या अधिक से अधिक ठीक रहती है बिजली विभाग के अधिकारी समझ ले उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकारें धनीपुर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की आड़ में धनीपुर की जनता का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा धनीपुर की बिजली व्यवस्था अधिकांश ठीक रहनी चाहिए

# यातायात नियमों का करे पालन- एसओ राजीव सिंह

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-युवा थानाध्यक्ष मंडुआडीह राजीव सिंह ने कहा कि बच्चे इस बात की शपथ लें कीवोअपने अभिभावक ,माता-पिता,भाई-बहन आदि किसी को भी बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन तथा बिना शीट बेल्ट के चार पहिया वाहन नहीं चलानें देगें व उनसे यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहेंगे, हेलमेट एवं शीटबेल्ट चालान के डर से नहीं बल्की अपनी स्वयं की सुरक्षा हेतु लगायें। आज के समय सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतें किसी भी तरह की होनें वाली मौतों से कहीं अधिक है अगर हम सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करें तो होनें वाली इन दुर्घटनाओं तथा असमय मृत्यु को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# यातायात नियमों की न करे अनदेखी- एसओ अतुल कुमार

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- जनपद चन्दौली के होनहार थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार ने यातायात माह के मद्देनजर आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि बिना हेलमेट/अवैध पार्किंग बिना सीट बेल्ट/गलत दिशा में चलने वाले/तीन सवारी का प्रयोग न करे।आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन न करना है दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें, वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं,नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें,स्टंट बाइकिंग से बचें,काली फिल्म, हूटर,प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करें।गलत दिशा में ना चले, इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे। साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि न खड़ा करें एवं रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं। साथ ही ट्रैक्टर-ट्राली लोडर पिकअप से यात्रा न करें, यातायात नियमों की अनदेखी/ अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी ।

# चोरी के मामले में 1 विधि से संघर्षरत् बालक सहित 4 पकड़ाए, थाना विश्रामपुर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बीते दिन थाना विश्रामपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि रेलवे फाटक क्रासिंग के पास एसईसीएल नर्सरी में कॉलरी द्वारा पूर्व में पानी सप्लाई हेतु पोखरी से पाईपलाईन लगाया गया था जिसे कुछ लोग जमीन से खुदाई कर उखाड़ कर कबाड़ बेचने की फिराक में है। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारी विश्रामपुर को दिए।



सीएसपी सूरजपुर जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुर की पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर एसईसीएल नर्सरी के पास दबिश देकर गंगाराम एक्का पिता देवदत्त पप्पू उम्र 27 वर्ष, करमू एकता पिता तिहान एकता उम्र 26 वर्ष, बलिंदर टोप्पो पिता स्व. रंजीत उम्र 24 वर्ष एवं एक विधि से संघर्षरत् बाल को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 7 नग मोटा पाईप कीमत करीब 80 हजार रूपये का पाया गया जो चोरी का होने के पूर्ण संभावना पर धारा 41( 1-4 )/379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए पाईप एवं खुदाई में प्रयुक्त वस्तु जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी.बनर्जी, एएसआई अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, आरक्षक अजय प्रताप, मुकेश साहू, अखिलेश पाण्डेय व मोहम्मद अकरम सक्रिय रहे।


# अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के दौरान बढ़ा भीड़ का दबाव, 5 श्रद्धालु घायल

अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के के दौरान अचानक भीड़ का दबाव बढ़ जाने के कारण पांच श्रद्धालु घायल हो गए। एक श्रद्धालु को लखनऊ रेफर किया गया। वहीं अन्य चार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इस घटना के बार में प्रशासन और पुलिस की तरफ से अभी तक कुछ नहीं कहा गया है। जानकारी के मुताबिक रात एक बजे हनुमान गुफा मार्ग पर परिक्रमा के दौरान अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया। जिसके चलते धक्का-मुक्की होने लगी और बैरिकेडिंग टूट गई। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान पांच श्रद्धालु घायल हो गये। स्थानीय लोगों के मुताबिक कुछ अन्य लोगों को हल्की चोटे आई हैं। सभी घायल श्रद्धालु महिलाएं हैं। घायलों में कल्याणी, कीर्ति, रामादेवी, सावित्री और बीट्टी शामिल हैं। इसमें से सावित्रि को लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सभी बहराइच जिले की रहने वाली हैं। घायल महिलाओं को बुधवार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि ज्यादा भीड़ होने के कारण कई लोग बेहोश हो गए थे। उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी थी। वहीं आफरा-तफरी के दौरान जब कुछ श्रद्धालु धक्का लगने से गिर गये तो परिक्रमा करने वाले लोग उनके ऊपर से गुजर रहे थे। ऐसे में वहां खड़े अन्य लोगो ने बचाया। पुलिस प्रशासन के मुताबिक करीब 20 लाख लोग 14 कोसी परिक्रमा में शामिल हुए हैं।



# यूपी में 1278 पदों पर भर्तियां जल्द, ताज महल की सुरक्षा में सेंध से हड़कंप

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के बाद ग्राम्य विकास विभाग ने मनरेगा के तहत जिलों में रिक्त 1278 पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने सभी जिलाधिकारियों व जिलों में तैनात जिला कार्यक्रम समन्वयकों को नियमानुसार रिक्त पदों पर भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बुधवार को बरेली प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष



बरेली में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। साथ ही पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट भी करेंगे। निकाय चुनाव की तैयारी में लगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी आज कानपुर में बैठक करेंगे। उनके साथ प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव भी मौजूद रहेंगे। वह यहां पार्टी पदाधिकारियों के साथ निकाय चुनाव को लेकर मंथन करेंगे। सर्किट हाउस और फिर पार्टी कार्यालय तिलक हॉल पहुंचेंगे। पार्टी कार्यालय में वह तीनों इकाइयों नगर ग्रामीण, उत्तर और दक्षिण में आने वाले 110 वार्डों के अध्यक्षों, जिले के पदाधिकारियों से मुलाकात कर चुनाव की रणनीति तय करेंगे।

# पंजाब से आ रही अनियंत्रित बस ने कई वाहनों को मारी टक्कर, पांच की मौत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ - जनपद अलीगढ़ में जट्टारी के इलाके के टप्पल थाना क्षेत्र के गांव कुराना के मुख्य मार्ग मंगलवार की रात सड़क हादसा हो गया। टप्पल की ओर से आ रही एक बस अनियंत्रित हो गई। बस ने एक के बाद एक वाहनों को टक्कर मार दी। अलीगढ़, उत्?तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ में जट्टारी के इलाके के टप्पल थाना क्षेत्र के गांव कुराना के मुख्य मार्ग मंगलवार की रात सड़क हादसा हो गया। टप्पल थाना क्षेत्र के गांव कुराना के पास मंगलवार शाम को बड़ा हादसा हुआ। पलवल से आ रही पंजाब नंबर की एक निजी बस अनियंत्रित हो गई, जिसने एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हैं, जिन्हें जगत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में पांचों लोग बुलंदशहर के हैं। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। लंबा जाम लग गया। चालक बस को छोड़कर भाग गया। पुलिस प्रशासनिक व आरटीओ के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालातों को संभाला और यातायात को डायवर्ट कर वाहनों को निकलवाया।

## दो घायल जेवर के अस्पताल में भर्ती

गांव कुराना में गौरव के घर देवी जागरण का आयोजन था, जहां बुलंदशहर के लोग मैजिक पिकअप ( यूपी 13 बीटी 2516 ) से आए थे। जागरण का सारा सामान सड़क किनारे खड़े पिकअप में भरा हुआ था। इन्हीं के आगे-पीछे बुग्गी, आल्टो कार, बाइक खड़ी थीं। शाम करीब साढ़े सात बजे हमीरपुर से जट्टारी की ओर से जा रही निजी बस ( पीबी 11 सीयू 9177 ) अनियंत्रित हो गई। बस ने पहले बुग्गी को टक्कर मारी। फिर कार और पिकअप को टक्कर मारते हुए बाइक को भी चपेट में ले लिया। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। चार घायलों को जगत अस्पताल में भिजवाया गया, जहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया। दो को जेवर के कैलाश अस्पताल में रेफर कर दिया।

## इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान बुलंदशहर के सिकंदराबाद निवासी 61 वर्षीय मदनपाल, हापुड़ के वनखंडी निवासी 25 वर्षीय दिनेश, बुलंदशहर के अनूपशहर के अड़चनपुर निवासी 32 वर्षीय संतोष, बुलंदशहर के सिकंदराबाद के नवादा बिरौड़ी निवासी 26 वर्षीय अमर सिंह व गौतमबुद्धनगर के दादरी के बंबागढ़ निवासी जयप्रकाश हैं। वहीं गांव कुराना निवासी सनी व बाजौती निवासी कुशल घायल हैं।

# सचिव व उसके बेटे को गोली मारने की धमकी, आडियो वायरल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ - इगलास क्षेत्र के पंचायत सचिव विनोद शर्मा को मोबाइल फोन पर गोली मारने की धमकी दी गई है। इसमें उनके बेटे को भी गोली मारने की बात कही गई है। इसका 56 सेकंड का आडियो इंटरनेट मीडिया वायरल हो रहा है। अलीगढ़, इगलास क्षेत्र के पंचायत सचिव विनोद शर्मा को मोबाइल फोन पर गोली मारने की धमकी दी गई है। इसमें उनके बेटे को भी गोली मारने की बात कही गई है। इसका 56 सेकंड का आडियो इंटरनेट मीडिया वायरल हो रहा है। सचिव का कहना है कि धमकी तोछीगढ़ के प्रधान प्रीतम सिंह ने दी है। इससे वह व उसके स्वजन दहशत में हैं।

## प्रधान ने सचिव पर लगाए आरोप

बुधवार को अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने प्रधान के खिलाफ कोतवाली में मामला पंजीकृत कराया है। वहीं, प्रधान ने सचिव पर गंभीर आरोप लगाया है और पुलिस को तहरीर देने का दावा किया है। हालांकि, पुलिस ने प्रधान की तहरीर मिलने से इन्कार किया है।

## जांच के बाद कार्रवाई

सचिव ने पूछा कि बात क्या हो गई तो प्रधान ने घर आकर मिलने को कहा। साथ ही यह भी काह कि तुमको इगलास में रहना मैं भुलाऊंगा, इगलास में तुम्हारे बालक तो रहेंगे। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि मामला पंजीकृत कर लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाएं-पुलिस अधीक्षक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आईआरएडी एप्लिकेशन की हुई समीक्षा कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, डीएफओ श्री संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, समस्त सड़क निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं से मृत्यु पर चिंता जाहिर करते हुए ब्लैक स्पॉट स्थल को चिन्हित कर पूरे जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आवश्यक उपाय करने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए तथा दुर्घटना से बचने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पूरे जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कई तरह के उपाय आवश्यक हैं। सड़कों के निर्माण से जुड़े विभाग सड़कों में सुधार, घाटी में सुरक्षा व्यवस्था तथा संकेतक लगाने एवं तीव्र मोड़ों को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में चिन्हित घाट पेंडारी सहित नए ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार करने निर्देशित किया। उन्होंने मार्गों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त उपाय किए जाने निर्देशित किया

एवं सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन के लिए संकेतक रंबल स्ट्रीप, स्पीड ब्रेकर आदि का प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों पर कार्वाई करने, फिटनेस के दौरान परिवहन यानो में रिफ्लेक्टर, स्पीड लिमिट डिवाइस के जांच करने के निर्देश दिए तथा ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के पूर्व आवश्यक दक्षता टेस्ट कर लाइसेंस जारी करने के निर्देश दिए तथा अवैधानिक तरीके से लाइसेंस प्राप्त करने वालों पर कारवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चालकों के आंखों की नियमित जांच कराने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। नियमित रूप से शिविर लगाकर वाहन चालकों को जागरूक करें। स्कूल तथा कालेज में भी यातायात जागरूकता शिविर आयोजित करें।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को दुर्घटना में शिकार लोगों के त्वरित उपचार के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा दुर्घटना स्थल पर ही मृत्यु हो जाने पर शव वाहन की व्यवस्था भी तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटनाओं से बचने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिन के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता, दुर्घटना होने पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, शराब पीकर वाहन चालन एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर चलानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं यातायात शिक्षा से संबंधित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले में सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किया । उन्होंने दुर्घटना क्षेत्र को चिन्हित कर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए तथा सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर एवं पिकअप में भारी संख्या में लोगों को बैठाते हैं जिससे दुर्घटना की गुंजाइश बनी रहती है समझाइश देकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने नगरीय क्षेत्र में सड़कों पर वाहन चालन को प्रभावित करने वाले साइन बोर्ड एवं होल्डिंग्स को शीघ्र हटाने कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों, फुटपाथ, पार्किंग स्थलों में अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए तथा सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले आवारा पशुओं को हटाने के संबंध में विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में दुर्घटना से बचने के लिए प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आईआरएडी एप्लिकेशन की हुई समीक्षा जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी विभाग पुलिस हेल्थ ट्रांसपोर्ट और हाईवे आईआरएडी एप्लीकेशन से संबंधित दुर्घटनाओं की एंट्री से संबंधित समीक्षा की। उन्होंने ब्लैक स्पॉट दुर्घटना स्थल,एंबुलेंस की सुविधा रोड पर हो रहे एक्सीडेंट की मरम्मत एवं ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के एक्सीडेंट हुई गाड़ियों की निरीक्षण आदि विषयों पर चर्चा की गई, आईआरएडी संयुक्त रूप से

# छोकरा-छोकरी, घरवाला... सब चले गए, मैं प्रेग्नेंट हूं; रुला देगी मोरबी हादसे की दर्दनाक कहानी

गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी में हुए पूल टूटने के हादसे ने सभी को झकझोर दिया है। तीसरे दिन मंगलवार को भी नदी में लाशों को ढूंढने के लिए सर्च अभियान जारी रहा। अब तक 135 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 170 लोगों को बचाया गया। हादसे के बाद से लगातार दर्दनाक कहानियां सामने आ रही हैं। इसी तरह की एक कहानी प्रेग्नेंट महिला ने सुनाई है, जिसका परिवार हादसे वाले दिन घूमने गया था। प्रेग्नेंट होने के चलते महिला पुल पर नहीं जा सकी। महिला के पति, नौ साल के बेटे और सात की बेटी की जान चली गई। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने बताया कि सबकुछ खत्म हो चुका है। लगाातर रोने की वजह से महिला का गला भी बैठ गया। वह कहती है, अब मेरे पास कौन बचा है? महिला ने आगे कहा, मेरा छोकरा (बेटा), मेरी छोकरी (बेटी) और घरवाला, सभी चले गए। हम लोगों का कौन सहारा है अब। ?%% महिला ने आगे कहा, मैंने सब कुछ खो दिया



है। मैं क्या मांगूंगी? हमारी मदद करें। मुझे कोई मदद नहीं मिली है। सरकार को मेरी मदद करनी चाहिए ... सब कुछ खो दिया, सब कुछ खो दिया, खो दिया ...।ऽ वहीं, दो बच्चों के दादा ने बताया कि उनकी बेटी के पति, जो एक मजदूर थे, ने रविवार को बच्चों को बाहर ले जाने का फैसला किया था, क्योंकि लंबे समय से काम कर रहे थे। तीनों ही नदी में गिर गए। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानीय नेता ने तो उनसे मुलाकात की, लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोई नहीं आया।

## पीएम मोदी ने मोरबी में दुर्घटना स्थल का दौरा किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मोरबी में पुल दुर्घटना स्थल का दौरा कर वहां जारी तलाशी तथा बचाव अभियान का जायजा लिया, हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और स्थानीय पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को हादसे के बाद चलाये जा रहे राहत अभियान के बारे में जानकारी दी। रविवार को इस पुल के टूट जाने से मच्छु नदी में गिर कर 135 लोगों की मौत हो गयी। प्रधानमंत्री ने मौके पर पहुंचने से पहले इलाके का हवाई सर्वेक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना स्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने अस्पताल में जाकर इलाज करा रहे घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में करीब 15 मिनट बिताये और कम से कम छह घायलों से बातचीत की।

## मोरबी हादसे में मृतक संख्या हुई 135

गुजरात सरकार के मंत्री राजेंद्र त्रिवेदी ने मंगलवार को कहा कि मोरबी पुल हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 135 हो गई है और अब तक 170 अन्य को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र बलों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों द्वारा मच्छु नदी में बचाव अभियान अभी जारी है। राजकोट रेंज के महानिरीक्षक (आईजी) अशोक कुमार यादव ने सोमवार को कहा था कि रविवार शाम को मोरबी में पुल के टूटकर गिरने से 134 लोगों की मौत हो गई। गुजरात के कैबिनेट मंत्री त्रिवेदी ने मंगलवार को कहा, अब तक बचाव दलों ने 135 शव बरामद किए हैं, जबकि नदी में गिरे करीब 170 लोगों को जिंदा बचा लिया गया है।